हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 फुटबाल में अंतागढ़ ने नरहरपुर को हराया...



10 पैराडाइज स्कूल के डॉक्टर्स डे पर छात्रों ने...





## खबर संक्षेप



### औषधीय पौधों के संरक्षण के लिए शोध अभियान

**दुर्गुकोंदल।** बीएसएफ की 178 वीं बटालियन डी कंपनी के सहयोग से 3 जुलाई को ग्राम हेतले के वाडाहूर क्षेत्र के घने जंगलों में विशेष वनौषधि शोध एवं संग्रहण अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य दुर्लभ एवं विलुप्तप्राय औषधीय पौधों की पहचान, संरक्षण और वैज्ञानिक अध्ययन है। वैद्यराज महेंद्र कुमार साहू के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम सर्वेक्षण करेगी। उनके साथ डॉ. धुलेशवर साहू, वैद्य युवराज नेताम, भगवान सिंह गावड़े तथा डॉ. संजय कुमार वस्त्रकार सहित विशेषज्ञों की टीम वनौषधियों का सर्वेक्षण, संग्रहण और उनके औषधीय गुणों का दस्तावेजीकरण करेगी।

### पुरस्कारों के लिए 10 तक आवेदन आमंत्रित

**कांकेर।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2027 के पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कारों के लिए योग्य एवं पात्र व्यक्तियों से 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग कांकेर एवं वेब साइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### मौत के प्रकरण पर चार लाख की सहायता मंजूर

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सरार तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में मृतक के आश्रित के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। सरोना तहसील के ग्राम कन्हनपुरी निवासी 45 वर्षीय दिलीप सलाम की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी पुष्पा सलाम के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

# निवेश के नाम पर निजी कंपनी के मैनेजर से 1.87 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी

*ऑनलाइन कमाई और वर्चुअल मार्केटिंग के आकर्षक वादों के पीछे छिपे साइबर ठगों का जाल एक बार फिर सामने आया है। इस बार ठगी का शिकार बने कांकेर के एक निजी कंपनी के मैनेजर, जिन्हें टेलीग्राम के जरिए संपर्क कर पहले छोटे मुनाफे का लालच दिया गया और फिर धीरे-धीरे बड़ी रकम निवेश करवाकर 1 लाख 87 हजार रुपये की साइबर धोखाधड़ी कर ली गई। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्राप्त जानकारी के अनुसार कांकेर के लट्टीपारा गली नंबर-2 निवासी 40 वर्षीय शिवेन्द्र बहादुर गुप्ता वर्तमान में सिंगारभाट में दुकान में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। अक्टूबर 2025 में उन्हें टेलीग्राम पर ई-कॉमर्स बिजनेस से जुड़ा एक संदेश प्राप्त हुआ। इसके बाद उनकी बातचीत स्वयं को अंजली कृष्णनन बताने वाली महिला से शुरू हुई, जिसने उन्हें वर्चुअल प्रोडक्ट मार्केटिंग के जरिए भारी मुनाफे का भरोसा दिलाया। शुरुआत में ठगों ने पीड़ित को विश्वास में लेने के लिए तीन दिन का ट्रायल कराया, जिसमें 939 रुपये का लाभ दिखाया गया, जिसे उन्होंने अपने बैंक खाते में निकाल भी लिया। पहले 10 हजार रुपये लगाने पर 15 हजार रुपये रिटर्न का झांसा दिया गया। इसके बाद वेबसाइट पर ट्रेजर बॉक्स जैसे विकल्प आने लगे, जिन पर क्लिक करने पर अधिक मुनाफे का लालच और साथ ही बैलेंस माइनस में दिखाकर दबाव बनाया जाने लगा। ठगों ने बार-बार अधिक निवेश करने पर कई गुना रिटर्न का दावा किया। इस झांसे में आकर पीड़ित ने अलग-अलग चरणों में कुल 1 लाख 87 हजार रुपये विभिन्न यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर कर दिए। निवेश की राशि बढ़ाकर 3.18 लाख रुपये और जमा करने का दबाव बनाया गया तथा 8.16 लाख रुपये वापस मिलने का लालच दिया गया, तब पीड़ित को शक हुआ।

### ट्रेजर बॉक्स गेम में फंसाकर उड़ाए हजारों रुपए

» फर्जी महिला प्रोफाइल ने निवेश का भरोसा दिलाकर
» शुरुआती ट्रायल में दिया लाभ, फिर बनाया शिकार



वर्चुअल मार्केटिंग और हाई रिटर्न का वादा कर यूपीआई के जरिए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवाई रकम

### संचार साथी पोर्टल पर की शिकायत

*पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल, हेल्पलाइन 1930 और संचार साथी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद उन्होंने थाना कांकेर में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4), 319(2) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 (डी) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।*

## वन विभाग भानुप्रतापपुर, डब्ल्यूसीसीबी और उड़नदस्ता की संयुक्त कार्रवाई

# पखांजूर क्षेत्र में बाघ की खाल व मूंछों की तस्करी, महाराष्ट्र के दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/पखांजुर

*वन विभाग ने बाघ के अंगों की अंतरराज्यीय तस्करी का सनसनीखेज खुलासा किया है। संयुक्त टीम ने दो तस्करों को रंगे हाथ काकेर जिले के पखांजुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बाघ की दो खाल और 13 मूंछें बरामद की हैं। प्रारंभिक जांच में बाघ के शिकार का संबंध इंद्रावती टाइगर रिजर्व से जुड़ने के बाद पूरे मामले ने गंभीर रूप ले लिया है। वन विभाग इसे वन्यजीव तस्करी के संगठित नेटवर्क पर बड़ी चोट मान रहा है, जबकि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश भी तेज कर दी गई है।*

वन विभाग को मुखबिर से गोपनीय जानकारी मिली थी कि महाराष्ट्र सीमा के रास्ते बाघ के अंगों की तस्करी कर उन्हें कांकेर जिले के पखांजुर से लगी महाराष्ट्र की सीमा से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा है। जानकारी मिलते ही वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन, पीसीसीएफ अरूण पाण्डेय के मार्गदर्शन तथा उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप संचालक वरुण जैन के पर्यवेक्षण में वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, राज्य स्तरीय उड़नदस्ता और पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमंडल की संयुक्त टीम गठित की गई। तस्करों को पकड़ने के लिए योजनाबद्ध रणनीति तैयार की गई और सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई। संयुक्त टीम 29 जून की रात ने ग्राम पीव्ही 78 (जनकपुर) से पखांजूर मार्ग पर घेराबंदी कर सघन जांच अभियान चलाया।

इसी दौरान महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के निवासी 37 वर्षीय बाबूराव मड़ावी और 38 वर्षीय बियेश्वर गेडाम एक मोटरसाइकिल क्रमांक एमएच 33 एजे 3872 से आते दिखाई दिए। संदेह के आधार पर दोनों को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उनके कब्जे से बाघ की दो खाल और 13 मूंछें बरामद हुईं। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों के जवाब संदिग्ध पाए गए, जिसके बाद उन्हें तत्काल हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई।

### आरोपियों को घेरा बंदी कर गिरफ्तार किया



इंद्रावती टाइगर रिजर्व में दो खाल व 13 मूंछें जब्त

#### इंद्रावती टाइगर रिजर्व में किया था बाघ का शिकार

*प्राथमिक जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि बाघ का शिकार इंद्रावती टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में किया गया था, जिसके बाद उसकी खाल महाराष्ट्र के रास्ते होते हुए पखांजुर क्षेत्र के ग्राम पीव्ही 78 से होते हुए छत्तीसगढ़ लाई जा रही थी। जाँच टीम ने पीव्ही 78 में आरोपियों को दबोचचा। जांच एजेंसियां अब इस पूरे तस्करी नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी हैं। मामले में शामिल अन्य संदिग्धों की तलाश भी तेज कर दी गई है।*

#### वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई

*वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9, 39, 49(बी), 50, 51(ए) एवं 51(सी) के तहत कार्रवाई*



*वन विभाग की टीम ने आरोपियों से पूछताछ के बाद बरामद वन्यजीव अवशेषों के साथ मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी जब्त कर शासकीय सुपुर्दगी में ले लिए। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद दोनों आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9, 39, 49 (बी), 50, 51 (ए), 51 (सी) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। 30 जून 2026 को उन्हें भानुप्रतापपुर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उन्हें रिमांड पर भेज दिया।*

#### वन्यजीव संरक्षण पर पर कार्रवाई जारी रहेगी

*उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप संचालक वरुण जैन ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि वन्यजीव संरक्षण की दिशा में इस बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि दुर्लभ वन्यजीवों के शिकार और तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होने स्पष्ट किया है कि इंद्रावती-अबूझमाड़उदंती टाइगर कारीडोर को सरंक्षित करने का प्रयास जारी रहेगा। इसके साथ ही वन्यजीव अपराधों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त और समन्वित कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।*

## बंद फ्लाई ऐश ब्रिक्स से जनरेटर सहित पंप और मशीनों की चोरी



लो वोल्टेज के कारण बंद उद्योग से लाखों के सामन पर चोरों ने किया हाथ साफ

**कांकेर।** चारामा क्षेत्र में बंद पड़े एक फ्लाई ऐश ब्रिक्स उद्योग को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों की मशीनरी पर हाथ साफ करने की कोशिश की। अज्ञात बदमाश उद्योग के तीन कमरों के ताले तोड़कर जनरेटर, पंप और मिक्सर मशीन की मोटर चोरी कर फरार हो गए। घटनास्थल पर चार पहिया वाहन के टायर और जूतों के निशान मिलने से पुलिस को सुनियोजित चोरी की आशंका है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोलकुम्हड़ा निवासी सीमा कावड़े ने चारामा थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि ग्राम बाबुकोहका में मुस्कान फ्लाई ऐश ब्रिक्स नाम से सीमेंट ईंट निर्माण इकाई संचालित है। क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या के कारण उद्योग पिछले कुछ दिनों से बंद पड़ा था। 26 जून की रात लगभग 11 बजे तक उद्योग परिसर में रखा सभी सामान सुरक्षित था। शिकायत के अनुसार 27 जून को पूरा परिवार पारिवारिक कार्य से कोण्डागांव चला गया था। 30 जून की दोपहर करीब 2 बजे वापस लौटने पर उद्योग परिसर के तीन कमरों के ताले टूटे मिले। कमरो में अंदर रखे 10 केवी विद्युत जनरेटर, आधा एचपी टुल्लू पंप तथा बाहर रखा 10 एचपी मिक्सर मशीन का मोटर गायब था। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 45 हजार रुपये बताई गई है। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान चार पहिया वाहन के टायरों के निशान और जूतों के स्पष्ट पदचिन्ह मिले हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि आरोपी वाहन लेकर पहुंचे थे और पूर्व योजना के ▶▶| शेष पेज 10 पर

## दो परिवारों में मारपीट व धमकी चमकी की काउंटर रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना क्षेत्र के अर्जुनी-बड़ेपारा एवं गोविंदपुर क्षेत्र में दो परिवारों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत प्रस्तुत की है। पहले पक्ष से थाना में शिकायत करने पहुंचे बड़ेपारा अर्जुनी निवासी 51 वर्षीय चमन लाल जैन ने पुलिस को बताया कि 29 जून की रात लगभग 9 बजे जब वह अपने घर के बाहर निकले, तभी संदीप जैन उनके घर के पास पहुंचे और कॉलर पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। विवाद के दौरान रजनीश जैन भी मौके पर पहुंचे और ईंट-पत्थर से हमला किया। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य श्रीराम जैन, चमेली जैन, गीता जैन एवं पत्नी बीच-बचाव करने आए, तो उनके साथ भी मारपीट की गई। इस घटना में कई लोगों को चोटें आईं और कपड़े



भी फाड़ दिए गए। साथ ही गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दिया गया। दूसरा पक्ष से अर्जुनी गोविंदपुर निवासी 36 वर्षीय संदीप जैन ने पुलिस को बताया कि वह अपने बड़े भाई रजनीश जैन के साथ अपने पिता सियाराम जैन के लिए जिला अस्पताल कांकेर में भोजन पहुंचाने जा रहे थे। इसी दौरान घर के सामने चमन लाल जैन और उनके ▶▶| शेष पेज 10 पर

## जमीन बंटवारे पर विवाद के बाद भतीजे ने बेंठ से की चाचा की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड चारामा के ग्राम गोलकुम्हड़ा में एक युवक ने अपने ही 60 वर्षीय चाचा पर फावड़े के बेंट से हमला कर दिया। मारपीट में बुजुर्ग घायल हो गए, जबकि घटना के दौरान परिजन मौके पर मौजूद थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भतीजे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोलकुम्हड़ा निवासी 60 वर्षीय विक्रम दुग्गा पिता स्व. श्रवण दुग्गा 30 जून की सुबह करीब 9 बजे अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान उनका भतीजा टुकेश्वर दुग्गा वहां पहुंचा और पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद करने लगा। आरोपी का कहना था कि संबंधित जमीन उसके पिता के नाम पर है और विक्रम दुग्गा को बंटवारे की मांग करने का कोई अधिकार नहीं है। बातचीत के



थाने में शिकायत दर्ज

दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी और पास में रखे फावड़े के बेंट से विक्रम दुग्गा पर हमला कर दिया। हमले में उनके बाएं हाथ तथा पेट के पास चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। ▶▶| शेष पेज 10 पर

## ऑनलाइन भुगतान विवाद, 3 युवकों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बांदे थाना क्षेत्र में ऑनलाइन भुगतान को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शराब दुकान के पास खरीदारी के दौरान भुगतान को लेकर हुई कहासुनी के कुछ समय बाद तीन अज्ञात युवकों ने दो लोगों के साथ मारपीट कर दी। घटना में दोनों युवकों को चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम आलदण्ड निवासी 30 वर्षीय अजीत नुरूटी 29 जून की शाम करीब चार बजे अपने साथी सोमा नुरूटी, मानसू आंचला और कुलदीप नेताम के साथ बांदे स्थित शराब दुकान पहुंचा था। शराब खरीदने के बाद चारों ने पास की दुकान से मिक्सचर, कुरकुरे, मछली और गिलास खरीदे। सामान का कुल बिल 110 रुपये था, जिसका ऑनलाइन भुगतान किया गया, लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण भुगतान सफल नहीं हो सका।



दुकान में मौजूद युवती ने भुगतान प्राप्त नहीं होने की जानकारी दी, जिसके बाद सोमा नुरूटी ने तत्काल 110 रुपये नकद देकर भुगतान कर दिया और मामला वहीं समाप्त हो गया। इसके बाद चारों युवक पास स्थित डेम के किनारे बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात युवक वहां पहुंचे और बिना किसी स्पष्ट कारण के गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने अजीत नुरूटी और सोमा नुरूटी के साथ हाथ, मुक्कों और चप्पलों से मारपीट कर दी। ▶▶| शेष पेज 10 पर

## विधायक के मार्गदर्शन पर कार्यकर्ताओं को मिला व्यवहारिक प्रशिक्षण

# बूथ स्तर तक डिजिटल क्रांति के साथ भाजपा का संगठनात्मक विस्तार तेज

*बदलते डिजिटल युग में संगठनात्मक कार्यशैली को अधिक प्रभावी और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई। यह कार्यक्रम न केवल प्रशिक्षण का माध्यम बना, बल्कि संगठन को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।*

### संकल्प के साथ हुआ समापन

*कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म से जुड़कर संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने तथा भाजपा को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि तकनीक और संगठनात्मक शक्ति के समन्वय से भारतीय जनता पार्टी आने वाले समय में और अधिक प्रभावी ढंग से जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएगी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और संगठन सशक्तिकरण के संकल्प के साथ हुआ।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक समाज के हर क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि राजनीति और संगठनात्मक कार्य भी अब डिजिटल माध्यमों पर तेजी से निर्भर हो रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी, जो देश की अग्रणी राजनीतिक पार्टी है, ने समय के साथ स्वयं को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर संगठन को नई दिशा दी है। डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म इसी दृष्टिकोण का परिणाम है, जो कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक और तकनीकी रूप से मजबूत बनाता है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान भाजपा की संगठनात्मक संरचना, कार्यप्रणाली, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, डिजिटल प्लेटफॉर्म संचालन तथा जनसंपर्क के आधुनिक तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल माध्यम आज सूचना संप्रेषण का सबसे तेज और प्रभावी साधन बन चुका है, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच बनाना आसान हुआ है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा, इतिहास और जनकल्याणकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे और उन्हें समाज ▶▶| शेष पेज 10 पर

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

*इस अवसर पर भाजपा के प्रवक्ता राजीव लोचन सिंह, मंडल प्रभारी टिकेंद्र प्रताप दुग्गा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, ग्रामीण मंडल प्रभारी हीरा मरकाम, टेकेश्वर सिन्हा, सुनील ठाकुर, रुखदेव यादव, अशोक निषाद, महामंत्री कन्हैया नेताम, किशोर भास्कर, नागेंद्र सुरोजिया, चम्पा देवी जायसवाल, अमरीका नेताम, अनिल गजपाल, राजेश कलिहारी, निलेश गोलछा, डॉ. ढालेश्वर सोनकले, जगदेव पटेल, संतराम यादव, एनबत्ती कोर्राम सहित मंडल, मोर्चा-प्रकोष्ठ, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहें।*

## साराधुघमरे में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**दुर्गुकोंदल।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला साराधुघमरे में नवीन शैक्षणिक सत्र के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें गणवेश, पुस्तकें एवं कॉपियां वितरित कीं। सरपंच ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने, अनुशासन बनाए रखने और मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम में ग्रामीण, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और खुशी झलक रही थी।

## शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को बांटीं गणवेश व पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शिक्षा के नए सत्र की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र के स्कूलों में प्रवेश उत्सव की धूम है। इसी कड़ी में भानुप्रतापपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुल्ला में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल पहुंचे नए बच्चों का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

शाला प्रवेश उत्सव के दौरान स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों को शासन की योजना के तहत निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें और गणवेश का वितरण किया गया। नया गणवेश और किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। मुख्य अतिथि और जनप्रतिनिधियों ने पहली बार स्कूल की चौखट पर कदम रखने वाले नव-प्रवेशी बच्चों का विशेष स्वागत



किया और उन्हें मन लगाकर पढ़ने व देश का अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य विष्णु कचलाम उपस्थित रहे। उनके साथ ही ग्राम के सरपंच तुमन मण्डावी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण कुलदीप, अनूप सोनवानी, मीना नेताम, धनेश्वरी ताराम, वंदना मैहान विशेष रूप से मौजूद रहे। इस गरिमामय कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, शाला विकास समिति के सदस्य, नव-प्रवेशी बच्चों के अभिभावक और भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# बंगोली में शाला प्रवेशोत्सव, विधायक ने 50 छात्राओं को बांटी निःशुल्क साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखंड के ग्राम बंगोली में बुधवार को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए, जबकि अध्यक्षता सरपंच हीरालाल नेताम ने की।

विधायक ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने और जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त पानी पीने की भी सलाह दी। उन्होंने पालकों से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने तथा शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने का आग्रह किया। इस दौरान विधायक ने बीबीजी-आएम योजना के तहत क्षेत्र के विद्यालयों में बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत विभिन्न संकुलों की 50 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई।

## शिक्षा से ही बनेगा विकसित समाज : टेकाम



### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकू नेताम, जनपद सदस्य मंगू राम नेताम, जिला मंत्री हेमचंद देवांगन, फरसगांव मण्डल अध्यक्ष धनराज पांडे , महामंत्री प्रवीण राव , बड़ेडोंगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सलाम, महामंत्री परमेश्वर सेठिया, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीराम तारम, सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उदित कुमार सोनी , बीआरसी अशोक मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी ग्रामीण स्कूली बच्चे उपस्थित रहे ।*

## खबर संक्षेप

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 3 को होगी

**कांकेर।** 03 जुलाई शुक्रवार को पूर्वान्ह 11 बजे से सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### अग्निवीरों का हुआ सम्मान

**धमतरी।** थल सेना भर्ती के लिए रवाना हो रहे फलेश सिन्हा (बठेना वार्ड) एवं डेविड नेताम (गट्टासिल्ली) के अग्निवीर में चयन होने पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी ने दोनों युवाओं का श्रीफल एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहां के युवा बड़ी संख्या में सेना भर्ती में शामिल होकर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। भारत माता की सेवा और देश की रक्षा का अवसर सौभाग्यशाली लोगों को मिलता है।
तथा सरहद पर विपरीत परिस्थितियों में मोर्चा संभालने वाले सैनिकों को पूरा देश सलाम करता है। वार्डवासियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उन्हें प्रशिक्षण के लिए विदाई दी। इस दौरान वार्ड पार्षद भारती साहू, जीवनलाल सिन्हा, सुशील, सेवकराम ध्रुव, ज्ञानचंद सिन्हा, चंदन रजक, हेमंत सिन्हा, अमर सिन्हा, शंकर माखीजा, अभिषेक गोयल, हेमंत यादव, गोलू पटेल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### सहकारी संस्थाओं के समन्वय से किसानों की आय बढ़ाने पर मंथन

**कोण्डागांव।** सहकारी सप्ताह के दूसरे दिन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक परिसर में आयोजित विचार गोष्ठी में सहकारी संस्थाओं, एफपीओ और पैक्स की भूमिका पर चर्चा करते हुए किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में जिला सहकारी विकास समिति डीसीडीसी, किसान उत्पादक संगठन एफपीओ और पैक्स के समन्वय से कृषि विविधीकरण, मूल्य संवर्धन और बेहतर विपणन व्यवस्था विकसित करने पर बल दिया गया।

## बाबा साहेब सेवा संस्था ने श्रद्धापूर्वक मनाई जयंती

# संत कबीर दास की 649वीं जयंती पर गूंजा सामाजिक समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संत शिरोमणि, महान समाज सुधारक एवं निर्गुण भक्ति आंदोलन के प्रणेता संत कबीर दास की 649वीं जयंती के अवसर पर बाबा साहेब सेवा संस्थाद्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने संत कबीर दास के जीवन, उनके सामाजिक योगदान और मानवता के संदेश को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

- कबीर दास के प्रसिद्ध दोहों और साखियों का किया वाचन

कार्यक्रम का शुभारंभ संत कबीर दास एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने संत कबीर के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान वक्ताओं ने संत कबीर दास के प्रसिद्ध दोहों और साखियों का वाचन किया। उनके विचारों के माध्यम से समाज में प्रेम, भाईचारा, समानता और मानवीय मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कबीर का प्रसिद्ध दोहा पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय। ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय। का उल्लेख करते हुए बताया गया कि संत कबीर ने ज्ञान को केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं माना, बल्कि प्रेम, करुणा और मानवता को जीवन का सबसे बड़ा धर्म बताया।



### बाबा साहेब और कबीर के विचार एक समान

कार्यक्रम में बाबा साहेब सेवा संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि संत कबीर दास और डॉ. भीमराव अंबेडकर दोनों ने सामाजिक समानता, न्याय और मानव गरिमा के लिए संघर्ष किया। संस्था इन्हीं महापुरुषों के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

### सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष को किया याद

*विचार संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि संत कबीर दास ने अपने पूरे जीवन में जाति–पाति, ऊंच–नीच, छुआछूत, अंधविश्वास और पाखंड जैसी सामाजिक बुराइयों का खुलकर विरोध किया। उन्होंने समाज को समानता, बंधुत्व और मानवता का मार्ग दिखाया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। वक्ताओं ने कहा कि कबीर के विचार समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और वर्तमान समय में उनके संदेशों को जन–जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है।*

### महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

*समारोह के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने संत कबीर दास के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में प्रेम, भाईचारा, समता और सामाजिक सद्भाव स्थापित करने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में बाबा साहेब सेवा संस्था के अध्यक्ष भुवनलाल मार्कंडेय, बामसेफ अध्यक्ष मन्नाराम नेताम, संस्था के उपाध्यक्ष हितेंद्र कुमार श्रीवास, देवानंद चोरे, मुकेश मार्कंडेय, संजीव सोनपिपरे सहित संस्था के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।*

# फुटबाल में अंतागढ़ ने नरहरपुर को हराया, संभाग के लिए क्वालिफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

जिला मुख्यालय कांकेर में आयोजित जिला स्तरीय शालेय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेजस अंतागढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नरहरपुर की टीम को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से पराजित कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया।

मैच की शुरुआत से ही अंतागढ़ की टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और गेंद पर मजबूत नियंत्रण बनाए रखा। खिलाड़ियों के बेहतरीन तालमेल, तेज पासिंग और मजबूत रक्षात्मक रणनीति के सामने नरहरपुर की टीम पूरे मैच में संघर्ष करती नजर आई। अंतागढ़ के खिलाड़ियों ने लगातार गोल दागते हुए विपक्षी टीम को कोई अवसर नहीं दिया। इस जीत के साथ सेजस अंतागढ़ की टीम ने संभाग स्तरीय सुब्रतो कप के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। आगामी मुकाबले जिला नारायणपुर में आयोजित होंगे, जहां टीम जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। नगर के खेल प्रेमियों ने भी टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए संभाग स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

# पैराडाइज स्कूल के डॉक्टर्स डे पर छात्रों ने डॉक्टर बनकर की सेवा

## स्वास्थ्य सेवाओं की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज स्कूल में 1 जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे मनाई गई। इस अवसर पर मिडिल, हाई स्कूल तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य की जानकारी देकर उत्तम स्वस्थ जीवन के लिये सलाह दी गई। इस अवसर पर समाज में डॉक्टर की महत्ता को बताया गया।

नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी के बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं स्वस्थ रहने के लिये शारीरिक परिश्रम, खानपान, मेडिकल चेकअप और अन्य प्रकार की सावधानियों के विषयों पर विभिन्न गतिविधियां करवायी गयी। प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी के बच्चे डॉक्टर बनकर, नर्स बनकर अपने कक्षा के बच्चों का बीपी नापकर, हार्ट बिटिंग मेजरमेन्ट, इन्जेक्शन लगाने का अभिनय करते हुए स्वास्थय के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। बच्चों ने डॉक्टर का रोल प्लेकर रेगुलर मेडिकल चेकअप का संदेश दिया। स्वास्थय के प्रति जागरूकता के इस कार्यक्रम को सम्पन्न संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक का मार्गदर्शन रहा एवं कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बराई, शिक्षक दीपांजली गोगोई, वर्षा रामानी, एस मर्सी, तीरथ साहू, संगीता भारती, सरिता मिश्रा, रिया सोनी, रचना शर्मा, कृष्णापद कुंभकार, टाकेश्वर साहू, सुकदेव सरकार, पेंकटेश पटेल, रामेश्वरी साहू, शांतिलीना नेताम, संतोष कुमार ठाकुर, पार्वती गजबल्ला, मनीषा साहू, सलमा खान, प्रीतिलता सोरी, शिखा मेहरा, पूजा खरे, नंदनी साहू, नेहा राठौर, लीना जैन, दीक्षा राठौर, मामानी कुंभकार, रितु, झरना, मंजू साहू, मनीष बाखला, शैली यादव, आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# बीईओ क्षमा को मिला स्टे आर्डर पर कार्यभार ग्रहण पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड शिक्षा अधिकारी क्षमा सोनेल को न्यायालय से अंतरिम राहत मिलने के बाद उनकी पुनः भानुप्रतापपुर बीईओ कार्यालय में वापसी ने पूरे घटनाक्रम को नया मोड़ दे दिया है। अब यह मामला केवल एक स्थानांतरण आदेश तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि कार्यभार ग्रहण की प्रक्रिया, विभागीय नियमों और प्रशासनिक वैधता पर भी कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार शासन द्वारा क्षमा सोनेल का स्थानांतरण किए जाने के बाद कृष्ण कुमार पोर्ते को भानुप्रतापपुर का नया बीईओ पदस्थ किया गया था। कार्यालय पहुंचकर ज्वाइनिंग दी, लेकिन उस समय तत्कालीन बीईओ क्षमा सोनेल अवकाश पर थीं। ऐसे में उनसे विधिवत प्रभार हस्तांतरण नहीं लिया जा सका। बताया जा रहा है कि कार्यभार हस्तांतरण को लेकर न तो क्षमा सोनेल द्वारा कोई प्रभार सौंपने की कार्यवाही हुई और न ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा ऐसा कोई पृथक आदेश जारी किया गया, जिसमें विधिवत प्रभार ग्रहण की प्रक्रिया का उल्लेख हो। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या केवल स्थानांतरण आदेश के आधार पर कार्यालय में ज्वाइनिंग कर लेना ही विधिसम्मत रूप से प्रभार ग्रहण माना जा सकता है, जबकि वास्तविक पदाधिकारी ने चार्ज ही नहीं सौंपा था। अब न्यायालय से स्टे मिलने के बाद क्षमा सोनेल की पुनः वापसी ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है। यदि प्रभार हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई थी, तो प्रशासनिक रूप से उस दौरान लिए गए निर्णयों और कार्यालय संचालन की वैधता पर भी चर्चा शुरू हो गई है।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का 23 जून 2026 को दिया गया एक महत्वपूर्ण फैसला भी चर्चा में है। यद्यपि यह फैसला भानुप्रतापपुर से संबंधित नहीं बल्कि रवि कुमार गौतम बनाम छत्तीसगढ़ शासन प्रकरण का है, लेकिन इसमें न्यायालय ने शिक्षा विभाग में प्रशासनिक पदों पर नियुक्ति और प्रभार सौंपने को लेकर महत्वपूर्ण कानूनी सिद्धांत स्थापित किए हैं। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट कहा कि सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रशासनिक संवर्ग का पद है, जबकि व्याख्याता शिक्षकीय संवर्ग का कर्मचारी होता है। दोनों संवर्ग अलग-अलग हैं और उनके लिए अलग-अलग भर्ती एवं पदोन्नति के नियम निर्धारित हैं। न्यायालय ने यह भी कहा कि बीईओ का पद केवल निर्धारित नियमों के अनुसार ही भरा जा सकता है। नियमों के अनुसार अधिकांश पद सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की पदोन्नति से तथा शेष निर्धारित प्रशासनिक पात्रता वाले अधिकारियों से भरे जाने हैं। किसी ऐसे व्यक्ति को, जो निर्धारित फीडर कैडर का हिस्सा नहीं है, बीईओ का प्रभार देना नियमों के विपरीत है।

# घोठा की शाला में मनाया प्रवेशोत्सव



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय विद्यालय घोठा में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश का वितरण किया गया। वहीं शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं, जिससे उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिल सके तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़े। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने और अनुशासन के साथ शिक्षा प्राप्त कर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में शाला परिवार ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। शाला प्रवेश उत्सव सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, पूर्व सरपंच रामप्रसाद कावड़े, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष गीते पटेल, पंचगण, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल महामंत्री कौशल रामटेके, प्रधान अध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

# चिकित्सक दिवस पर वरिष्ठ डॉक्टर अनिल का सम्मान



**अंतागढ़।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ मंडल अंतागढ़ द्वारा नगर के वरिष्ठ निजी चिकित्सक डॉ. अनिल सक्सेना का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके दीर्घकालीन चिकित्सा सेवाओं की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक राजेश कौशल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि लगभग 72 वर्षीय डॉ. अनिल सक्सेना वर्ष 1982 से अंतागढ़ क्षेत्र में निरंतर चिकित्सा सेवाएं दे रहे हैं। चार दशकों से अधिक समय से वे ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों के हजारों मरीजों का निःस्वार्थ उपचार करते आ रहे हैं। उनके सरल स्वभाव, अनुभव और सेवा भावना के कारण वे क्षेत्र में अत्यंत सम्मानित चिकित्सक के रूप में जाने जाते हैं। इस अवसर पर मंडल संयोजक डॉ. चिमन लाल पटेल, मंडल सहसंयोजक नैमेश साहू, डेंटिस्ट डॉ. कुंदन कुमार, लैब के संचालक मालवंत जैन एवं मेडिकल स्टोर के संचालक ननीगोपाल भी मौजूद रहे।

## गीत, समाचार, खेती-किसानी और पीएम के 'मन की बात' सुनने का शौक

# बदला जमाना, नहीं बदला रेडियो से सोमारू का 40 साल पुराना रिश्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

जब दुनिया स्मार्टफोन और इंटरनेट की ओर तेजी से बढ़ रही है, तब विकासखंड के ग्राम भूमका निवासी 76 वर्षीय बुजुर्ग सोमारू राम निषाद आज भी रेडियो को अपना सबसे प्रिय साथी मानते हैं। पिछले चार दशकों से वे रेडियो के जरिए गीत-संगीत, समाचार, खेती-किसानी की जानकारी और प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुनकर अपना समय बिताते आ रहे हैं। सोमारू निषाद बताते हैं कि उन्हें टीवी देखने में रुचि नहीं है। उनके पास मोबाइल फोन भी है, लेकिन उसका उपयोग वे केवल बातचीत के लिए करते हैं। वे कभी स्कूल नहीं गए, हालांकि गांव में संचालित साक्षरता अभियान के माध्यम से उन्होंने पढ़ना-लिखना सीखा। वे बीते 40 वर्षों में वे 7 से 8 रेडियो खरीद चुके हैं। वर्तमान में उनके पास तीन रेडियो हैं, जिनमें दो खराब हो चुके हैं, जबकि एक रेडियो आज भी उनका हमसफर बना हुआ है। उन्होंने बताया कि करीब 40 वर्ष पहले उन्होंने अपना पहला रेडियो मात्र 100 रुपये में खरीदा था और उस समय बैटरी का एक सेल एक रुपये में मिलता था। आज वे 950 रुपये का रेडियो इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें 30-30 रुपये के तीन सेल लगते हैं और यह लगभग दो माह तक चलता है। ग्राम भूमका के निवासी सोमारू निषाद पिछले दो वर्षों से गांव के शिव मंदिर के पीछे बनी एक झोपड़ी में रहकर मंदिर में पुजारी की सेवा कर रहे हैं। उनके दो बेटे गांव में ही रहते हैं, जबकि एक बेटी का विवाह हो चुका है। परिवार में उनके पांच नाती-पोते हैं।

- स्मार्टफोन होने के बावजूद रेडियो ही है पहली पसंद





### बचपन से हाथों में रेडियो देख रहा हूं : सरपंच कुंवर

*ग्राम भुमका के सरपंच रामभरोश कुंवर बताते हैं कि सोमारू राम निषाद को रेडियो से गहरा लगाव है। वे कहते हैं, "मैं बचपन से ही उनके हाथों में रेडियो देखता आ रहा हूं। निषाद जी गांव के शिव मंदिर में पुजारी के रूप में सेवा देते हैं। रोज सुबह-शाम पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के पीछे बनी झोपड़ी में बैठकर रेडियो पर पंडवानी, भजन और पुराने गीत सुनते हुए मंदिर परिसर की देखभाल करते हैं।" सरपंच के अनुसार, सोमारू राम निषाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के नियमित श्रोता हैं। कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही वे पूरी तैयारी के साथ रेडियो लेकर बैठ जाते हैं और प्रधानमंत्री द्वारा बताई जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वच्छता अभियान तथा सामाजिक संदेशों को ध्यानपूर्वक सुनते हैं। इसके बाद वे इन जानकारियों को गांव के लोगों तक भी पहुंचाते हैं।*

## पेज 9 के शेष

### बंद फ्लाई ऐश ब्रिक्स से जनरेटर...

तहत चोरी की वारदात को अंजाम देकर सामान लेकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर चारामा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 (ए) एवं 331 (1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

### दो परिवारों में मारपीट व धमकी...

छोटे भाई श्रीराम जैन पर गाली-गलौज करने और पुरानी रंजिश को लेकर विवाद शुरू करने लगे। जब विरोध किया गया तो दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हुई, जिसमें संदीप जैन के बाएं पैर और उनके बड़े भाई के हाथ में चोट आई। साथ ही जान से मारने की धमकी दिया गया। दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जमीन बंटवारे पर विवाद के बाद...

पीड़ित की बहन गणेशीया दुग्गा तथा भाई की बहू ने पूरी घटना देखी और बाद में इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना के बाद घायल विक्रम दुग्गा चारामा थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी टुकेश्वर दुग्गा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 296 एवं 351 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में ले लिया है।

### ऑनलाइन भुगतान विवाद, 3 युवकों...

शोर सुनकर बीच-बचाव के लिए पहुंचे मानसू आंचला और कुलदीप नेताम ने किसी तरह दोनों को बचाया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मारपीट में शिकायतकर्ता के दाहिने कान के पास तथा सोमा नुरूटी के बाएं कान के पास चोट आई। घटना की शिकायत बांदे थाना में दर्ज कराई गई। पुलिस ने शिकायतकर्ता की रिपोर्ट पर तीन अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115 (2), 351 (2) एवं 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस आसपास के क्षेत्र में जांच और पूछताछ कर रही है।

### बूथ स्तर तक डिजिटल क्रांति के साथ...

तक प्रभावी रूप से पहुंचा सकेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इस पहल को संगठन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रशिक्षण से उन्हें न केवल तकनीकी दक्षता मिलेगी, बल्कि संगठनात्मक कार्यों को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से करने में भी सहायता मिलेगी। इससे कार्यकर्ताओं की नेतृत्व क्षमता और संवाद कौशल में भी वृद्धि होगी।

**खबर संक्षेप**

### मंत्री रामविचार नेताम 2 दिवसीय प्रवास पर रहेंगे

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मछलीपालन तथा पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम 2 एवं 3 जुलाई को दो दिवसीय प्रवास पर बीजापुर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री 2 जुलाई को प्रातः जगदलपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12:15 बजे ग्राम नैमेड़ स्थित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पहुंचेंगे, जहां वे मेजर कार्प उत्पादन एवं वितरण कार्य का अवलोकन करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस बीजापुर पहुंचेंगे। अपराह्न 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार बीजापुर में जिला बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा से संबंधित विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक उपरांत सायं 5:40 बजे सर्किट हाउस बीजापुर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। 3 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भेंट एवं चर्चा करेंगे। इसके बाद 11 बजे आदिवासी छात्रावास एवं आश्रम का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 1:30 बजे सर्किट हाउस बीजापुर से जगदलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### चयन समिति की बैठक

**दरभा।** दरभा ब्लॉक मुख्यालय में जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी के मुख्य आतिथ्य में बैठक सम्पन्न हुई। जहां चयन समिति कि ओर से एसडीएम शंकर लाल सिन्हा शिक्षा समिति के सभापति पीडी हरीश, शिक्षा समिति सदस्य गागरा राम नाग उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम, जनपद अध्यक्ष मानक दई कश्यप, महामंत्री नारायण कुरानी भी बैठक में आमंत्रित किये गए थे। जनपद पंचायत के 25 आश्रम छात्रावासों के अधीक्षक व अधिक्षिकाओं ने अपने आश्रम छात्रावास के प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र-छात्राओं की सूची चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत की।

# विज्ञान दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गीदम में सक्षम शनिवार यानी बैगलेस डे के तहत विज्ञान ज्योति कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक

■ एकलव्य विद्यालय में मना विज्ञान ज्योति कार्यक्रम

आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा, नवाचार और तार्किक चिंतन को बढ़ावा देना था। कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ विज्ञान आधारित गतिविधियों में भाग लिया और विज्ञान को किताबों से बाहर व्यवहारिक रूप में समझा।

कार्यक्रम की शुरुआत विज्ञान के महत्व पर परिचर्चा से हुई। विद्यार्थियों को बताया गया कि विज्ञान सिर्फ विषय नहीं, बल्कि दैनिक जीवन का हिस्सा है। बिजली, मोबाइल, इंटरनेट, चिकित्सा, परिवहन, कृषि और



पर्यावरण संरक्षण में विज्ञान की भूमिका को सरल उदाहरणों से समझाया गया। बच्चों को बताया गया कि वैज्ञानिक सोच हर समस्या का तार्किक समाधान खोजने में मदद करती है। विद्यार्थियों ने अनुभव किया कि विज्ञान केवल कठिन सूत्रों तक सीमित नहीं, बल्कि मनोरंजक और आनंददायक भी हो सकता है। प्रयोगों और संवाद सत्रों के जरिए बच्चों ने खेल-खेल में विज्ञान की अवधारणाओं को सीखा। इससे उनमें आत्मविश्वास, जिज्ञासा और रचनात्मक सोच का विकास हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विज्ञान आधारित आकर्षक रंगोली बनाकर विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं को कलात्मक रूप में पेश किया। इसके बाद बच्चों ने विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला का भ्रमण किया। यहां उन्होंने वैज्ञानिक उपकरणों, मॉडलों और प्रयोगों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। विद्यालय के प्रयोगशाला परिचारक अर्जुन ने विद्यार्थियों को उपकरणों का व्यावहारिक परिचय दिया और कई प्रयोगों का प्रदर्शन किया। बच्चों ने उत्सुकता से सवाल पूछे और जाना कि रोजमर्रा की घटनाओं के पीछे विज्ञान के सिद्धांत कैसे काम करते हैं। यह भ्रमण उनके लिए बेहद ज्ञानवर्धक रहा।

#### शिक्षिकाओं का मिला उत्कृष्ट मार्गदर्शन

कार्यक्रम को सफल बनाने में सुश्री शिवानी, सुश्री हिमांशी, सुश्री श्वेता, एवं सुश्री अंजलि ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। सभी शिक्षिकाओं ने विज्ञान को सरल और व्यवहारिक रूप में पेश किया और बच्चों को प्रयोगों से सीखने के लिए प्रेरित किया। पूरे कार्यक्रम का समन्वय विद्यालय की सीसीए प्रभारी दीपशिखा मिश्रा ने किया। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा, विज्ञान केवल पढ़ने का विषय नहीं, बल्कि सोचने, समझने और नई खोज करने की प्रेरणा है। अगर बच्चे प्रश्न पूछना और प्रयोग करना सीख जाएं, तो वही असली शिक्षा है। उन्होंने बच्चों से जिज्ञासु बने रहने और विज्ञान से समाज व राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अनुदेशक करेंगे दूसरे राज्यों का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिले के पोटा केबिनों में शिक्षा और आवासीय व्यवस्थाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय अनुदेशक प्रशिक्षण का मंगलवार को सफल समापन हुआ। कलेक्टर अमित कुमार के निर्देशानुसार जिला ऑडिटोरियम

■ पोटाकेबिन में ऐसा कार्य करें कि बच्चे और अभिभावक स्वयं आपको अपने विद्यालय में चाहें

सुकमा में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के सभी अनुदेशकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर शबाब खान ने किया। उन्होंने अनुदेशकों से कहा कि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास को अपनी प्राथमिकता बनाएं तथा आवासीय विद्यालयों में संवेदनशीलता, अनुशासन और समर्पण के साथ अपनी




जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। प्रशिक्षण के पहले दिन मास्टर ट्रेनर्स ने बच्चों के सर्वे, प्रवेश प्रक्रिया, पंजी संधारण, छात्रावास एवं कक्षों की साज-सज्जा, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा और दैनिक संचालन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनुदेशकों ने गीत, नृत्य और सामूहिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे प्रशिक्षण का वातावरण और भी जीवंत हो गया। दूसरे दिन की शुरुआत प्रातः योग सत्र से हुई। इसके बाद मानसिक स्वास्थ्य, मेडिकल कक्ष की तैयारी, बालिकाओं के मासिक धर्म प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, व्यक्तिगत हाइजीन, बच्चों की दैनिक दिनचर्या, अवकाश प्रबंधन तथा विद्यार्थियों को प्रेरित करने के प्रभावी तरीकों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी। समापन समारोह में कलेक्टर अमित कुमार ने अनुदेशकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे स्वयं को पोटा केबिन की ऐसी आवश्यकता बनाएं कि बच्चे और उनके अभिभावक उन्हें अपने विद्यालय में ही देखना चाहें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, संवेदनशील व्यवहार और समर्पित कार्यशैली ही पोटा केबिनों की पहचान बनेगी।

कलेक्टर ने घोषणा की कि सभी अनुदेशकों के कार्यों की हर तीन माह में समीक्षा की जाएगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच-पांच अनुदेशकों को अन्य राज्यों के शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा जाएगा, ताकि वे वहां की बेहतर व्यवस्थाओं का अध्ययन कर जिले में भी नवाचार लागू कर सकें।

#### समग्र विकास के लिए निरंतर करे प्रयास : डीईओ

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जी. आर. मांडवी भी प्रशिक्षण में शामिल हुए और अनुदेशकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।

#### बच्चों के समग्र विकास संवेदनशील देखभाल

कार्यक्रम के अंत में सहायक परियोजना समन्वयक आशीष राम ने सभी अनुदेशकों द्वारा प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने मॉड्यूल तैयार करने वाले मास्टर ट्रेनर्स की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी और व्यवहारिक रहा। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण के माध्यम से अनुदेशकों को न केवल शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने का अवसर मिला, बल्कि बच्चों के समग्र विकास, संवेदनशील देखभाल और बेहतर आवासीय वातावरण तैयार करने के लिए भी व्यावहारिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# बिजली की आंख-मिचौली से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मद्देड़

विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत मददेड सहित पूरे क्षेत्र में पिछले कई महीनों से अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र में दिनभर बिजली की आंख-मिचौली जारी रहने से जनजीवन प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दिन रात में कई बार बिजली गुल हो जाती है

■ ट्रांसफार्मर बदलने और लूज तार सुधारने की मांग

और वोल्टेज भी सामान्य से काफी कम रहता है, जिससे घरेलू एवं शैक्षणिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार सुबह लगभग 6 बजे से रात 10 बजे तक बिजली की आपूर्ति का कोई निश्चित समय नहीं है। कई बार 15 से 30 मिनट तक बिजली रहने के बाद 5 से 6 घंटे तक आपूर्ति बंद हो जाती है। इस अनियमितता के कारण मोबाइल चार्जिंग, पेयजल की मोटर, पंखे, घरेलू उपकरण और अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।



कम वोल्टेज की समस्या के कारण पंखों, कूलर और अन्य विद्युत उपकरणों के खराब होने की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों व्यापारियों पलकों में महिलाओं ने बताया कि अभी स्कूल खुल रहा भरती सम्बन्धित, बैंक हो महतारी वंदना कागजात, स्कूल आदि के कागजातों की फोटो कापी बैंक सर्वर काम नहीं कर रहा, व्यापारियों का लेने देना सामानों का आर्डर नहीं हो रहा बिना सुचारू रूप लाइट के बिना संचालित नहीं हो रहा है। बार-बार बिजली बाधित होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई, शिक्षकों के शैक्षणिक कार्य एवं अन्य आवश्यक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों को दी स्टेशनरी व कॉपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहंडीगुड़ा

पीएम श्री सेजेस विद्यालय लोहंडीगुड़ा में सामाजिक सरोकार की एक सराहनीय पहल के अंतर्गत उसरीबेड़ा के ओएसओएफ समूह एवं विद्यालय के एसएमडीसी सदस्यों द्वारा कक्षा पहली में नवप्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को कॉपियां एवं स्टेशनरी सेट वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान सभी नवप्रवेशी बच्चों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया तथा उन्हें अध्ययन सामग्री प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। कॉपी एवं स्टेशनरी प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ़ झलक रहा था। इस पहल से विद्यार्थियों में नए



शैक्षणिक सत्र के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापर्डे ने ओएसओएफ समूह एवं एसएमडीसी सदस्यों के इस प्रेरणादायक एवं सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समाज और विद्यालय के संयुक्त प्रयासों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी ओएसओएफ समूह द्वारा विद्यालय की मध्यान्ह भोजन योजना के लिए आवश्यक बर्तनों का सहयोग प्रदान किया गया था, जिससे विद्यालय को महत्वपूर्ण सहायता मिली। उन्होंने समूह के निरंतर सहयोग एवं सामाजिक सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. बसंत कश्यप, उमा शंकर भोई, कमलेश जेठवा, केदार ढेक, सुरेश भारद्वाज, सुरेन्द्र साहू, संजय देवांगन व शिक्षकगण उपस्थित रहे।




# शासकीय सेवा में लंबे समय तक पूरी ईमानदारी से कार्य करना प्रेरणादायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

जनपद पंचायत बस्तर में लंबे समय से चतुर्थ वर्ग कर्मचारी के पद पर कार्यरत शिवनाथ यादव के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में सेवानिवृत्ति सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में अधिकारियों और कर्मचारियों ने

■ शिवनाथ यादव को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान

शिवनाथ यादव के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि यादव ने जनपद पंचायत में अपनी सेवा के दौरान हमेशा अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का परिचय दिया।

कार्यालयीन कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका और सहयोग को सभी ने सराहनीय बताया। सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए अनुभवों को साझा करते हुए उन्हें एक जिम्मेदार और मिलनसार कर्मचारी निरूपित किया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र ने शिवनाथ यादव को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में लंबे समय तक पूरी ईमानदारी से कार्य करना प्रेरणादायक है। सीईओ ने सेवानिवृत्त कर्मचारी के सुखद, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संस्था ने समाजहित में अनेक कार्य किए : विधायक

हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा/ भोण्ड

बस्तर जन जागरण नवयुवक मंडल बकावंड द्वारा संस्था के स्थापना वर्ष के अवसर पर माता हिंगलाजिन विद्यापीठ स्कूल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं शाला प्रवेशोत्सव के साथ हुआ। इस अवसर पर बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल के सानिध्य में विधिवत पूजा-अर्चना कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम शामिल हुईं। उनके बकावंड आगमन पर मुख्य मार्ग में विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में महिला प्रतिनिधियों ने बस्तर की पारंपरिक संस्कृति, बाजे-गाजे एवं रीति-रिवाज के साथ भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात अतिथियों ने माता सरस्वती की पूजा-अर्चना कर नवप्रवेशी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित एलोपैथिक एवं




आयुर्वेदिक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी निरीक्षण किया। शिविर में लोगों का रक्तचाप (बीपी), शुगर परीक्षण किया गया तथा आयुर्वेदिक काढ़ा एवं औषधियों का वितरण किया गया। अतिथियों ने आमजन से समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस अवसर पर सांसद एवं विधायक ने बस्तर जन जागरण नवयुवक मंडल द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखते हुए खरीदी गई नई स्कूल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही संस्था परिसर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए राज्यसभा सांसद निधि से स्वीकृत लगभग 20 लाख रुपये की लागत के भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सभी नागरिकों से एक पेड़ मां, पिता एवं अपने पूर्वजों के नाम लगाने का आग्रह करते हुए पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की बात कही।

समारोह में संस्था परिसर में निर्मित डोम शेड तथा माता हिंगलाजिन विद्यापीठ स्कूल के जीर्णोद्धार कार्य हेतु लगभग 19 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। साथ ही संस्था के उन दिवंगत सदस्यों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने संस्था के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। विधायक एवं उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने कहा कि बस्तर जन जागरण नवयुवक मंडल की स्थापना से जुड़ना उनके लिए गर्व की बात रही है। उन्होंने कहा कि संस्था ने प्रारंभ से ही समाजहित के अनेक कार्य किए हैं।

# 41 वर्षों की सेवा के बाद शिक्षक जी पेंटा हुए सेवानिवृत्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

शिक्षा के क्षेत्र में चार दशक से अधिक समय तक समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के साथ कार्य करने वाले माध्यमिक शाला मुलागुड़ा के प्रधानाध्यापक जी पेंटा राव मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। यह दिन उनके जीवन का सबसे यादगार और ऐतिहासिक अवसर भी बन गया, क्योंकि इसी दिन उनका 62वां जन्मदिन भी था। जन्मदिन और सेवानिवृत्ति का यह दुर्लभ

■ ईमानदारी और सेवा भाव ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी

संयोग उनके परिवार, शिक्षा विभाग और विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक पल बन गया। जिला मुख्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर अमित कुमार ने जी पेंटा राव को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान किया। जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने उनके उत्कृष्ट योगदान को नमन करते हुए भावभीनी विदाई दी।

#### शिक्षा को बनाया जीवन का उद्देश्य

30 जून 1964 को सुकमा जिले के ग्राम पंचायत गोंगला में एक सामान्य एवं सादगीपूर्ण परिवार में जन्मे जी पेंटा राव ने संघर्षों के बीच अपनी शिक्षा पूरी की। उनका जीवन शुरू से ही ईमानदारी, अनुशासन और सेवा भावना का उदाहरण रहा। शिक्षक बनने के बाद उन्होंने नौकरी को केवल रोजगार नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण का माध्यम माना। उन्होंने बताया कि जब सरकार ने उन्हें शिक्षक बनने योग्य समझकर नियुक्ति दी, तभी उन्होंने संकल्प लिया कि शिक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उनका मानना रहा कि जिस कार्य से हमारी रोजी-रोटी चलती है, उसके प्रति पूरी ईमानदारी और सेवा भाव रखना हमारा कर्तव्य है। शिक्षा के क्षेत्र में लापरवाही की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। इसी सोच के साथ उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने का कार्य किया।

# भाजयुमो की बैठक में बूथ जीतने पर बनी रणनीति




**गीदम।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के तहत,भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देश अनुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता के मार्गदर्शन में शक्ति केंद्र बारसूर - 02 के बूथ क्रमांक -8 में युवा मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डिजिटल लर्निंग के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। युवा मोर्चा के सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री राजेश नाग, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र ठाकुर, जिला मंत्री हितेश सिन्हा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील नाग, युवा मोर्चा महामंत्री द्वय ऋषित राव, सुनील अटामी, उपाध्यक्ष सुखराम मंडावी, मंत्री नामेश कश्यप, युनित कश्यप, सह कोषाध्यक्ष चुभू कश्यप एवं समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 200 कर्मचारियों को नए कानूनों की दी जानकारी



**गीदम।** पुलिस मुख्यालय के आदेश के पालन में थाना गीदम पुलिस ने डेनेक्स सिलाई सेंटर में कार्यरत 200 महिला एवं पुरुष कर्मचारियों के लिए साइबर जागरूकता, नशा मुक्ति एवं सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान तीनों नए कानून बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जून के प्रथम से चतुर्थ सप्ताह तक थाना अनुभाग स्तर पर न्याय संहिता कानून पर कैंप लगाया गया। पुलिस अधिकारियों ने क्लास के माध्यम से कर्मचारियों को नए कानूनों की बारीकियों से अवगत कराया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के लिए अलग से जागरूक किया गया।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## शाला प्रवेशोत्सव में गूंजा शिक्षा का संदेश, नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत



**सरोना।** संकुल सरोना अंतर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मुड़पार दखनी में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक-चंदन लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें पाठ्य-पुस्तक, गणवेश और मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में उपसरपंच राजकुमार कश्यप ने बच्चों को मेहनत व अनुशासन के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी, वहीं सरपंच गंगाराम शोरी ने शिक्षक-विद्यार्थी संबंध को महत्वपूर्ण बताते हुए शिक्षा के साथ संस्कार पर जोर दिया। न्योता भोज के अंतर्गत बच्चों, पालकों और ग्रामीणों को खीर-पूरी परोसी गई। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षा के साथ सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

## प्रवेशोत्सव में बच्चों को बांटी किताबें व खीर-पूरी



**दुर्गूकोंदल।** कन्या हाई स्कूल एवं माध्यमिक विद्यालय दुर्गूकोंदल में बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का आगाज शाला प्रवेश उत्सव के साथ हुआ।

जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें और गणवेश वितरित किए। प्रभारी प्राचार्य संगीता केकती और प्रधान पाठक मनीषा सिन्हा ने नियमित अध्ययन व अनुशासन का संदेश दिया। कार्यक्रम का सबसे भावुक पल तब आया, जब मनीषा सिन्हा ने अपनी स्वर्गीय सास नवली देवी सिन्हा की पंचम पुण्यतिथि पर 110 विद्यार्थियों तथा पालकों-शिक्षकों के लिए खीर-पूड़ी के नेवता भोजन का आयोजन कराया। इससे पूरे विद्यालय परिसर में अपनापन और सेवा का भाव दिखाई दिया।

## शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग ग्रामीणों ने सौंपा आवेदन



**पखांजुर।** ग्राम पीवी-09 सत्यानंदपुर के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने और पूर्व में जारी प्रशासनिक आदेश का पालन कराने की मांग को लेकर संबंधित अधिकारियों तहसीलदार पखांजूर के माध्यम से सामूहिक आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय भूमि के खसरा क्रमांक 129, 130, 133, 138 एवं 161 पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत पहले भी की गई थी। इस पर प्रशासन द्वारा 24 अप्रैल को पटवारी को विस्तृत जांच, पंचनामा तैयार कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। आरोप है कि आदेश जारी होने के बावजूद अब तक न तो अंतिम कार्रवाई की गई है और न ही शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि संबंधित भूमि पर आज भी अवैध कब्जा बना हुआ है, जिससे शासन की भूमि पर अतिक्रमण जारी है। उन्होंने प्रशासन से 24 अप्रैल के आदेश का तत्काल पालन सुनिश्चित करने, शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाकर उसे शासन के कब्जे में लेने तथा की गई कार्रवाई की जानकारी आवेदकों को उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इस मामले में शीघ्र निर्णय लेकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराएगा और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करेगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**चर्चा : कृषि मंत्री रामविचार ने सुनी किसानों की समस्याएं, दिया भरोसे का संदेश**

# दलहन-तिलहन, मिश्रित और जैविक खेती पर कृषि मंत्री ने किसानों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित किसान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि किसानों को अब केवल धान की खेती पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि कम पानी और कम लागत में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों जैसे दलहन, तिलहन एवं मक्का की खेती को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे न केवल जल संरक्षण होगा, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

प्रदेश के कृषि मंत्री केवीके में 1 जुलाई को आयोजित किसान संगोष्ठी में कहा कि किसानों को खेतों के मेड़ों में मुनगा के पौधे लगाने और अरहर जैसी फसलों के साथ मिश्रित खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कृषि मंत्री ने कहा कि मिश्रित खेती से भूमि की उर्वरता बनी रहती है और उत्पादन क्षमता भी बढ़ती है। इसके साथ ही उन्होंने किसानों को पशुपालन, मुर्गीपालन और मछलीपालन जैसे सहायक व्यवसायों को अपनाने की सलाह दी, जिससे अतिरिक्त आय के स्त्रोत विकसित हो सकें। कृषि मंत्री ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि घर-घर में गाय पालन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे न केवल परिवार की पोषण आवश्यकताएं पूरी होंगी, बल्कि गोबर और गोमूत्र आधारित जैविक खेती को भी बल मिलेगा। उन्होंने रासायनिक खाद के अत्यधिक उपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे भूमि की उर्वरा शक्ति घट रही है, इसलिए किसानों को जैविक खेती और नील हरित खाद (ब्लू ग्रीन फर्टिलाइजर) के उपयोग को अपनाना चाहिए। इसी क्रम में यह घोषणा की गई कि जिन किसानों ने पिछले खरीफ सीजन में धान की फसल ली थी और इस वर्ष धान के स्थान पर दलहन, तिलहन या मक्का जैसी वैकल्पिक फसलों की खेती करेंगे, उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रति एकड़ 15 हजार रुपये की आदान सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम ने भी उपस्थित किसानों से संवाद किया।



### अधिकारी व जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

इस अवसर पर संचालक कृषि राहुल देव, संचालक पशुधन विकास विभाग चंद्रकांत वर्मा, संचालक मछलीपालन नारायण सिंह नाग, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम अरूण वर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक बीरबल साहू, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. नितिन रस्तोगी, कृषि वैज्ञानिक नरेन्द्र तायड़े, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कोमरा, पशुधन विकास विभाग के उप संचालक डॉ. सत्यम मित्रा, सहायक संचालक मछलीपालन एसएस कंवर के अलावा जनप्रतिनिधियों में जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा ईश्वर कावड़े सहित कृषक गण मौजूद रहे।

### पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम, विधायक आशाराम नेताम, कृषि उत्पादन आयुक्त सिद्धार्थ कोमल परदेशी, कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने नारियल के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए, ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण मिल सके। मंत्री ने किसानों को खेती के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

### महिला समूह से किया संवाद

प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने केवीके के रागी प्लांट में कार्यरत महिला समूह से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने महिलाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रागी जैसी मोटे अनाज की फसलें पोषण सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मंत्री ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।



## मांडाभरी में 16 लीटर अंग्रेजी शराब एवं बीयर जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दुधावा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मांडाभरी में एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब का भंडारण कर बिक्री करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 लीटर 900 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब एवं बीयर तथा बिक्री की 500 रुपये नगद राशि जब्त की है।

पुलिस के अनुसार 30 जून को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि ग्राम मांडाभरी निवासी दशलाल मंडावी अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रखकर बेच रहा है। दुधावा चौकी पुलिस और साइबर टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान आरोपी अपने घर पर मौजूद मिला। तलाशी लेने पर बरामदे में रखे दो कार्टून में बड़ी मात्रा में शराब बरामद हुई, इनमें सुपर जिप्सी फाइन व्हिस्की के 44 पौवा, जम्मू स्पेशल व्हिस्की का एक पौवा तथा किंगफिशर बीयर की 12 बोतलें मिलीं। जब्त शराब की कुल मात्रा 15.9 लीटर तथा अनुमानित कीमत 7,800 रुपये आंकी गई है। इसके अलावा शराब बिक्री से प्राप्त 500 रुपये नगद भी पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी मांडाभर्री निवासी 38 वर्षीय दशलाल मंडावी पिता इतवारी राम मंडावी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया।



**कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल :** कार्रवाई में चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक गंगाराम शोरी, प्रधान आरक्षक गुरूचंद शोरी, आरक्षक प्रमोद कोर्राम, महेंद्र भास्कर, महेश कोरेटी, सुमन मानिकपुरी तथा साइबर टीम के सहायक उपनिरीक्षक भांकेश पटेल एवं उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

**जागरूकता अभियान भी चला रहे :** दुधावा चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार वर्मा क्षेत्र के गांवों में लगातार जनजागरूकता अभियान भी चला रहे हैं। वे ग्रामीणों से अवैध शराब और अन्य नशे के कारोबार से दूर रहने की अपील करते हैं तथा अपराध मुक्त समाज बनाने का संदेश देते हैं। साथ ही क्षेत्र में नियमित रात्रिकालीन गश्त कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा रही है।

## साइबर अपराध, नशा व आत्महत्या की रोकथाम पर लगाई गई चौपाल



■ ग्रामीणों को किया जागरूक

**कांकेर।** पुलिस के जनजागरूकता अभियान के तहत थाना परतापुर पुलिस द्वारा ग्राम परतापुर में जनसंवाद एवं चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।

चौपाल कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को क्षेत्र में बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं को देखते हुए जीवन के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने और किसी भी कठिन परिस्थिति में आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठाने की समझाइश दी। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के लिए अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने की सलाह दी गई। पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर भी लोगों को जागरूक करते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील की। वहीं युवाओं को गांजा, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का संदेश दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने परतापुर क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ थाना पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस की सक्रिय कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगा है। पुलिस अधिकारियों ने भी ग्रामीणों से कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की बात कही।

## भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल में डिजिटल लर्निंग पर की गई प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल द्वारा बुधवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण अभियान के तहत मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य संगठन को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना तथा कार्यकर्ताओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से पार्टी की गतिविधियों, विचारधारा और संगठनात्मक कार्यप्रणाली से जोड़ना था।

प्रशिक्षण सत्र में मुख्य प्रभारी गौतम उइके एवं सह प्रभारी संकेत निशाने ने कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के उपयोग की जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल माध्यम संगठन विस्तार और जनसंपर्क का प्रभावी साधन बन चुके हैं। उन्होंने सोशल मीडिया और तकनीकी संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करते हुए पार्टी की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष सिरो



कोमरे ने की। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय एवं संगठन आधारित विचारों को डिजिटल माध्यमों के जरिए जन-जन तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। वहीं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र टेकाम ने संगठनात्मक अनुशासन, सदस्यता विस्तार और आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता पर जोर दिया।

कार्यशाला में पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग, सोशल मीडिया की भूमिका तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर विजय पटेल, पिलम नरेटी, रामचंद्र कल्लो, सुमित्रा दुग्गा, विकास राजू नायक सहित मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक बृजलाल ध्रुव का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

39 वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित सेवाएं देने वाले वरिष्ठ शिक्षक बृजलाल ध्रुव के सेवानिवृत्त होकर अपने गृहग्राम छापरपारा ग्राम पंचायत बासनवाही लौटने पर ग्रामीणों ने भावपूर्ण स्वागत किया। डीजे, बाजे-गाजे और पुष्पवर्षा के बीच निकली स्वागत रैली में गांव के युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। जगह-जगह ग्रामीणों ने आरती उतारकर, तिलक लगाकर और फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया।

बृजलाल ध्रुव ने वर्ष 1987 में दक्षिण बस्तर के दुर्गम क्षेत्र से शासकीय सेवा की शुरुआत की थी। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने शिक्षा के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखते हुए हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे 30 जून को जिला कोंडागांव के विकासखंड राजपुर स्थित प्राथमिक शाला कुरुभट से सेवानिवृत्त हुए।

स्वागत रैली के बाद मानस मंच में आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षक का सबसे बड़ा सम्मान उसके विद्यार्थियों की सफलता होती है। इस अवसर पर कर्मचारी व्यापारी प्रकोष्ठ एवं ग्राम विकास समिति ने उन्हें शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह ने गुरुजनों के प्रति समाज के सम्मान और कृतज्ञता की परंपरा को एक बार फिर सशक्त किया।

## एसबीआई स्थापना दिवस पर आरसेटी में किया पौधारोपण

**कांकेर।** भारतीय स्टेट बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर एसबीआई आरसेटी कांकेर द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से संस्थान परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक, मुख्य प्रबंधक, आरसेटी संस्थान के निदेशक, डीडीएम नाबार्ड, आरसेटी के कर्मचारी तथा पशुसखी प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधारोपण किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि /"एक पौधा केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ भविष्य का आधार है। प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर प्रकृति संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और हरित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन का उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ, हरित और सतत विकास का संदेश देना रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने और अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प दोहराया। एसबीआई द्वारा ग्रामीण विकास गतिविधियों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी विशेष महत्व दिए जाने पर जोर दिया गया।



## उत्कर्ष योजना की प्रवेश परीक्षा 5 जुलाई को होगी

**कांकेर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति उत्कर्ष योजनांतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 05 जुलाई दिन रविवार को अपरान्ह 12 बजे से दोपहर 02 बजे तक प्रयास आवासीय विद्यालय इमली पारा कांकेर में किया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त जया मनु ने बताया कि पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी, मंडल संयोजक, सभी आश्रम एवं छात्रावास अधीक्षक कार्यालय तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कांकेर के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

**किसानों की समस्याओं पर सरकार को घेरा**

## रासायनिक खाद व कीटनाशकों की कमी पर कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

नरहरपुर में किसानों की समस्याओं को लेकर बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा लैम्पस चलो अभियान/" के तहत एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। रासायनिक खाद, कीटनाशक दवाइयों और डीजल की कमी से जूझ रहे किसानों की आवाज को बुलंद करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने नगर के बस स्टैंड में एकत्र होकर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कृषि कार्यों में आ रही परेशानियों को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की और सरकार से तत्काल राहत देने की मांग की।

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि खरीफ सीजन अपने महत्वपूर्ण दौर में है, लेकिन किसानों को समय पर रासायनिक खाद, कीटनाशक दवाइयां और अन्य कृषि संसाधन उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इससे खेती-किसानी का काम प्रभावित हो रहा है और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने में विफल साबित हो रही है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के बीच भारी असंतोष व्याप्त है। धरना कार्यक्रम के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने बस स्टैंड से रैली निकालते हुए ब्लॉक मुख्यालय स्थित लैम्पस पहुंचकर प्रदर्शन किया। आंदोलन के पश्चात कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि क्षेत्र में रासायनिक खाद, कीटनाशक दवाइयों और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।




आंदोलन में सरजू शोरी, रोहिदास शोरी, कौशिल्या शोरी, हलाल नेताम, प्यारी सलाम, संतराम मरकाम, मोती साहू, टकेश्वर सिन्हा, मोंटू साहू, इमरान खान, नारायण मरकाम, गोदावरी विश्वकर्मा, अनिता यादव, मनीराम सिन्हा, आनंद दर्रो, मनोज कुमार सलाम, गंगाराम कोड़ोपी, पुरंदर सिन्हा, महेश कुमार मंडावी, समारू कोड़ोपी, रवि कुंजाम, आसाराम, भावसिंह कोड़ोपी, चैन सिंह शोरी, भक्त प्रहलाद मंडावी, सुरुजलाल कुंजाम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित रहें।

